## 7. वचन

संज्ञा का वह रूप जिससे उसकी एक या अनेक संख्या का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 38 पर दिए चित्र और वाक्यों को पढ़वाकर एक तथा अनेक वचन के बारे में समझाएँ।
- ❖ एकवचन तथा बहुवचन वचन भेद भी बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 39 पर दिए एक-अनेक शब्द बोलें और बच्चों से उनकी संख्या पूछें।
- ❖ वचन संबंधी परिभाषाएँ याद करवाएँ।
- ❖ एकवचन तथा बहुवचन शब्दों की सूची बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ एक बच्चा एकवचन शब्द बोले तथा दूसरा बच्चा बहुवचन शब्द को बोले।
- ❖ सभी को शब्द पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाएँ। सभी बच्चों पर ध्यान दें।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चे पाठ समझ गए हैं।